सं. सीबीएसई/समन्वय/2022 **दिनांक: 25.01.2022**

सेवा में,
सीबीएसई संबद्ध स्कूलों/ संस्थानों
के सभी प्रधानाचार्य/प्रमुख
(सीबीएसई वेबसाइट के माध्यम से)

विषय: अप्रैल-मई, 2022 सार्वजनिक परीक्षा के संचालन में एनआईओएस को सहयोग करना

महोदया/महोदय,

यह सूचित करना है कि एनआईओएस, स्कूल शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय (एमओई), भारत सरकार माध्यमिक (10वीं), वरिष्ठ माध्यमिक (12वीं) और वोकेशनल कोर्सों के लिए एक वर्ष में दो बार अर्थात अप्रैल–मई और अक्टूबर-नवंबर में सार्वजनिक परीक्षाएं संचालित करता है। प्रत्येक वर्ष एनआईओएस अपनी परीक्षा के संचालन के लिए सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों की सेवाओं और अवसंरचना का उपयोग करता है। इस वर्ष भी एनआईओएस की सार्वजनिक परीक्षा 6 अप्रैल, 2022 से होनी निर्धारित की गई हैं और 30 अप्रैल, 2022 तक चलेगी। परीक्षा का समय अपराह्न 2.30 से अपराह्न 5.30 होगा।

आपसे अनुरोध है कि कृपया अपना सहयोग देते हुए अप्रैल-मई, 2022 सार्वजनिक परीक्षा के संचालन के लिए एनआईओएस पोर्टल (https://exams.nios.ac.in/) पर अपनी सहमति प्रदान करें।

आपका सहयोग से समाज के सबसे सुविधाहीन/वंचित समूह के अभ्यर्थियों की सार्वजनिक परीक्षा को आयोजित करने में न केवल एनआईओएस को मदद मिलेगी बल्कि इससे सीबीएसई को शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के अनुपालन में भी मदद मिलेगी।

आपके द्वारा सदैव दिए गए सहयोग/ समर्थन की अपेक्षा में,

सादर,

भवदीय

(डॉ. संयम भारद्वाज)
परीक्षा नियंत्रक